# स्वीप संदेश

मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड सरकार

मासिक डिजिटल पत्रिका | संयुक्तांक | फरवरी 2022 | अंक : 4-5 | कुल पृष्ठ- 8


# दिसंबर -जनवरी की सुर्खियां

## दिसंबर 2021

### अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

3 दिसंबर 2021 को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर झारखंड के जिलों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें जिला प्रशासन के द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, White Cane एवं अन्य चीजें बांटी गई। दिव्यांगजनों के बीच PWD App के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए कई तरह के जागरूकता कार्यक्रम और कैम्प्स का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर खेलगांव में सार्थक एनजीओ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, झारखंड के सहयोग से दिव्यांग मतदाताओं के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर के तहत मतदाता पहचान पत्र में सुधार इत्यादि भी कराए गए साथ ही वहां मौजूद लोगों के मोबाइल फोन पर PWD App और Voter Helpline App डाउनलोड करवाया गया।



















# स्वीप संदेश

मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड सरकार

मासिक डिजिटल पत्रिका | संयुक्तांक | फरवरी 2022 | अंक : 4-5


## जनवरी 2022



# National Voters' Day

## "Making Elections Inclusive, Accessible and Participative"




मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड ने 25 जनवरी 2022 को 12वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस ऑनलाइन माध्यम से मनाया। 25 जनवरी को सुबह 11 बजे से यू ट्यूब चैनल के माध्यम से आयोजित ऑनलाइन राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सभी जिलों के निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी , सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, स्वीप नोडल अधिकारी, बीएलओ सुपरवाइज़र, एवं बीएलओ जुड़े हुए थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त श्री सुशील चंद्र का संदेश और माननीय राज्यपाल श्री रमेश बैस का सन्देश प्रसारित किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड श्री के रवि कुमार ने राज्य वासियों को संबोधित किया । उन्होंने राज्य वासियों को इस वर्ष का थीम 'समावेशी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन की ओर अग्रसर' से अवगत कराया। कार्यक्रम में लिंक के माध्यम से आम नागरिक मतदाता, छात्र – छात्राएं सीधे प्रसारण से जुड़े रहें। एनवीडी मनाने का मुख्य उद्देश्य विशेषकर नए मतदाताओं को प्रोत्साहित करना, सुविधा देना और नामांकन बढ़ाना है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई गयी।

# स्वीप संदेश
मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड सरकार

मासिक डिजिटल पत्रिका | संयुक्तांक | फरवरी 2022 | अंक : 4-5


## Creatives & Hoardings

## “समावेशी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन की ओर अग्रसर”









Click & Follow Us :

## Online Contest

राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के अवसर पर मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग (स्वीप प्रभाग ) के द्वारा ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसका विषय "निर्वाचन को कैसे समावेशी, सुगम एवं सहभागी बनाएं " था ।




## Voter's Pledge

“हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।”








## District Level Activities on NVD 2022

राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के अवसर पर राज्य के सभी जिलों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए।
















## झारखंड के माननीय राज्यपाल एवं राज्य की प्रथम महिला वोटर बने

राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के शुभ अवसर पर झारखंड के राज्यपाल माननीय श्री रमेश बैस एवं राज्य की प्रथम महिला श्रीमती रामबाई बैस को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार ने मतदाता पहचान पत्र समर्पित किया साथ ही राज्यपाल सचिवालय के सभी पदाधिकारियों को राज भवन में शपथ दिलाई। माननीय राज्यपाल ने मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा तत्परता एवं समर्पण की भावना से कार्य करने के लिए पूरे निर्वाचन तंत्र की प्रशंसा की ।





## Press Coverage of NVD 2022



आरयू: एनएसएस की ओर से मतदाता दिवस पर कार्यक्रम

**मतदान करना नैतिक जिम्मेदारी : डॉ कामिनी**

रांची | मुख्य संवाददाता

रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मंगलवार को विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कुलपति डॉ कामिनी कुमार ने कहा कि मतदान करना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। भारतीय लोकतंत्र दुनिया के लिए अनुकरणीय है और प्रत्येक निर्वाचन में मतदान करने से लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रकटीकरण होता है। इनके अलावा परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार, डॉ राजेश कुमार, सीबीएस की उपनिदेशक डॉ स्मृति सिंह, अनुभव चक्रवर्ती ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

आरएलएसवाई कॉलेज: राम लखन सिंह यादव कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य डॉ जेपी सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मियों और एनसीसी कैडेटों ने मतदान की शपथ ली। कॉलेज की सांस्कृतिक समिति की ओर से पोस्टर बनाओ और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मारवाड़ी कॉलेज: मारवाड़ी कॉलेज प्रांगण में प्राचार्य डॉ मनोज कुमार के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेटों ने शपथ ली। डीएसडब्ल्यू डॉ बीबी महतो, प्रो रोनाल्ड खलखो व एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी ने मतदान की शपथ दिलाई।

डालसा ने जागरूक किया: डालसा रांची ने बालसीरिंग स्थित संतोष बीएड कॉलेज में ऑनलाइन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर डालसा सचिव कमला कुमारी ने सबसे पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

राज्यपाल का संदेश का प्रसारण: राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर ऑनलाइन राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेश बैस और मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा के संदेश का प्रसारण हुआ। मतदाता सूची में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों और कर्मचारियों सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल, कोडरमा के अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, बंशीधर नगर के अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार, गढ़वा के अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम, राज्य के सभी जिलों से एक-एक सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर को सम्मानित किया गया।

राजभवन में मतदाता दिवस पर पदाधिकारियों को शपथ दिलाते राज्यपाल।

**राज्यपाल को सौंपा मतदाता पहचान पत्र**

रांची। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के अवसर पर झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस और राज्य की प्रथम महिला रामबाई बैस को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मतदाता पहचान पत्र समर्पित किया। राज्यपाल ने मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और पूरे निर्वाचन तंत्र की प्रशंसा की।

**मुख्यमंत्री सचिवालय में दिलाई गई शपथ**

रांची। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मतदाता प्रतिज्ञा दिलवाई। मौके पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, विशेष सचिव मेनु बड़ाईक, संयुक्त सचिव राजीव रंजन आदि उपस्थित थे।



**National Voters Day 2022: राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज, होंगी ऑनलाइन प्रतियोगिताएं**

National Voters Day 2022: राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से किया जायेगा. इतना ही नहीं, इसका आयोजन राज्य के सभी जिलों...

By Prabhat khabar Digital | Updated Date 25th Jan 2022 at 10:28 AM



National Voters Day 2022: राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को है. झारखंड में इसे लेकर तैयारियां की जा रही हैं. राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी



**राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कोरोना का प्रभाव, डिजिटल मोड में मना नेशनल वोटर्स डे**

Published on: Jan 25, 2022, 6:06 PM IST



झारखंड में कोरोना के चलते नेशनल वोटर्स डे ऑनलाइन मनाया गया. राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर झारखंड राज्य चुनाव आयोग की ओर से डिजिटल मोड में कार्यक्रम आयोजित किया गया. रांची में इस दौरान



**राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ली मतदान की शपथ**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुलदीप चौधरी ने कर्मियों को मतदान करने के लिए संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान का काफी महत्व है।

Jagran
Tue, 25 Jan 2022 08:07 PM (IST)

# गणतंत्र दिवस समारोह

गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी , झारखंड श्री के रवि कुमार के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।









**Find the given words**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S | J | R | L | M | O | T | S | T |
| Q | V | O | W | H | S | O | I | E |
| F | T | E | B | L | W | L | X | V |
| L | V | Y | E | J | E | L | O | N |
| Z | L | W | F | P | P | A | S | V |
| B | O | O | T | H | I | B | O | K |
| C | Y | G | R | L | C | T | C | M |
| N | O | I | T | C | E | L | E | Q |
| N | U | F | N | R | U | Q | N | M |

SVEEP
BALLOT
EPIC
VOTER
BOOTH
ROLL
ELECTION



## Final Electoral Roll

